# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(ग्यारहवां सत्र)**

**लिखित उत्तर हेतु प्रश्न**

## मंगलवार, 15 मार्च, 2016/25 फाल्गुन, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** ].

**कुल प्रश्न** - 15

----

### निर्मित सड़कें

1238 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत निर्मित कौन-कौन सी नई सड़कें ऐसी हैं जिन पर बस सर्विस नहीं चल रही है; ब्यौरा जिलाशः दें; और

(ख) जिला कुल्लू के अन्तर्गत निर्मित सड़कें कब तक पास हो जाएंगी और उन पर बस सेवा कब तक उपलब्ध करवा दी जाएगी ?

----

### पद सहित स्थानान्तरण

1239 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिला कुल्लू में उच्च माध्यमिक पाठशाला छावर में शास्त्री का पद रिक्त है; और

(ख) यदि हां, तो कारण तथा इस पद को कब तक भर दिया जायेगा; ब्यौरा दें?

----

## शारीरिक शिक्षा अध्यापक

1240 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि कुछ माह पूर्व जिला कुल्लू के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दियार से शारीरिक शिक्षा अध्यापक (PET) की प्रतिनियुक्ति जिला मण्डी की पाठशाला कठ लग (मण्डी सदर क्षेत्र) में की गई; और

(ख) यदि हां, तो वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दियार में रिक्त पद कब तक भर दिया जाएगा और इस अन्तर-जिला प्रतिनियुक्ति के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें?

----

## विज्ञान कक्षाएं आरम्भ करना

1241 **श्री विनोद कुमार(नाचन)** ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं किलिंग, डोलधार, ब्रोहकडी और झुंगी को किस-किस वर्ष स्तरोन्नत किया गया; विवरण दें; और

(ख) यह सत्य है कि इन पाठशालाओं में स्तरोन्नत होने के बावजूद दिनांक 31-1-2016 तक विज्ञान संकाय की कक्षाएं आरम्भ नहीं की गई; यदि हां, तो ब्यौरा कारण सहित दें ?

----

## खेल मैदान का निर्माण

1242 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय माध्यमिक पाठशाला कोट के खेल मैदान के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; विवरण दें; और

(ख) दिनांक 31.01.2016 तक स्वीकृत राशि में से कितनी राशि खर्च की गई और कितनी शेष है; विवरण दें ?

----

## पुल निर्माण

1243 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ज्यूणी खड्ड पर डोल नामक स्थान पर

मोटर योग्य पुल निर्माण योजना को विधायक प्राथमिकता में कब डाला गया; और

(ख) इसकी वर्तमान स्थिति क्या है; विवरण दें ?

----

## छत निर्माण

1244 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि ढुंगरी गांव में माता हिडिम्बा मंदिर के साथ राजकीय प्राथमिक पाठशाला स्थित है; और

(ख) यदि हां, तो इस पाठशाला के भवन की छत का कार्य पूर्ण किया जा चुका है; यदि नहीं, तो कारण ?

----

## पुल निर्माण

1245 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर(मनाली) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि वर्तमान में रायसन में ब्यास नदी पर लैफ्ट बैंक और राईट बैंक को मिलाने के लिए विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत पुल निर्माण प्रस्तावित है;

(ख) यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार काइस से सब्जी मण्डी बन्दरोल तक जीप योग्य सड़क और ब्यास नदी पर जीप योग्य पुल के निर्माण करने का विचार रखती है; यदि हां, तो क्या इनके लिए प्रारम्भिक औपचारिक्ताएं पूर्ण कर ली गई हैं; ब्यौरा दें?

----

## मूलभूत सुविधा

1246 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार ने मनाली से रोहतांग के मध्य पार्किंग व सफाई व्यवस्था के लिए शौचालय इत्यादि के निर्माण करने की कोई योजना बनाई है; और

(ख) यदि हां, तो योजना की प्रति सभा पटल पर इनके निर्माण की अद्यतन स्थिति सहित रखें ?

----

## बाधित बिजली

1247 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि दिनांक 1-3-2015 से चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लगातार बिजली बाधित रहती है; यदि हां, तो कारण; और

(ख) विभाग द्वारा सर्दियों में चौपाल के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की सुचारू रूप से आपूर्ति हेतु क्या पग उठाए गए हैं; ब्यौरा दें?

----

## कार्य की निविदाएं

1248 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) चौपाल विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत मैटलिंग और टारिंग के कितने टैंडर लगाए गये; ब्यौरा सड़क के नाम व राशि सहित दें; और

(ख) इनमें से कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं; कितने प्रगति पर हैं तथा कितने अधूरे हैं; ब्यौरा नाम व राशि सहित दें ?

----

## ट्रांसफार्मर की स्थापना

1249 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में सरकार द्वारा बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने ट्रांसफार्मर लगाने की योजना है; ब्यौरा गाँववार दें;

(ख) बैजनाथ विद्युत मण्डल के अन्तर्गत कितने लकड़ी के पोल हैं; इन्हें कब तक बदला जायेगा; ब्यौरा दें; और

(ग) इस विद्युत मण्डल में कर्मचारियों के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें?

----

## स्टेडियम का निर्माण

1250 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत स्व0 श्रीमती इन्दिरा गांधी के नाम पर नामित स्टेडियम बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## पाठशालाओं का उन्नयन

1251 **श्री हंस राज(चुराह) ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निम्न पंचायतों में स्थापित पाठशालाओं को खोलने, अपग्रेड करने तथा र्प्याप्त स्टाफ उपलब्ध करवाने का विचार रखती हैः-

(i) ग्राम पंचायत बनंतर- राजकीय प्राथमिक पाठशाला सद्रुनी;

(ii)ग्राम पंचायत तिस्सा-2- राजकीय प्राथमिक पाठशाला गनेद;

(iii)ग्राम पंचायत थल्ली- राजकीय प्राथमिक पाठशाला मंडका;

(iv)ग्राम पंचायत कल्हेल- राजकीय प्राथमिक पाठशाला बंजली;

(v)ग्राम पंचायत चांजू- राजकीय प्राथमिक पाठशाला भत्योता;

(vi)ग्राम पंचायत भजंराडू- राजकीय प्राथमिक पाठशाला सलांनचा;

(vii)ग्राम पंचायत गुईला- राजकीय माध्यमिक पाठशाला गुईला;

(viii)ग्राम पंचायत चिरोडी- राजकीय उच्च पाठशाला चिरोडी; और

(ख) यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा पाठशालावार दें?

----

## राष्ट्रीय उच्च मार्ग-22

1252 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि परवाणु से सोलन तक राष्ट्रीय उच्च मार्ग न0 22 के Four Lanning का कार्य प्रगति पर है; यदि हां, तो इसके लिए कितनी धनराशि NHAI के माध्यम से स्वीकृत की गई है; ब्यौरा दें;

(ख) इसके निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार क्या सोलन से शिमला तक राष्ट्रीय उच्च मार्ग को भी Four Lanning में बदलने का विचार रखती है; यदि हां, तो इस सन्दर्भ में क्या-क्या आवश्यक पग उठाए गए; ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 27 फरवरी, 2016 .** **सचिव।**